प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

25.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- देश व प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गयी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती।
- हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ ने कल सामूहिक अवकाश पर जाने का किया ऐलान—सरकार से डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी रद्द करने की मांग।
- शिमला के लिफ्ट के पास किया जाएगा हिमाचल हाट का निर्माण—महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की होगी बिक्री।
- प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस का पर्व—पर्यटन स्थलों पर बढ़ी सैलानियों की आवाजाही।

वाजपेयी जयंती

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आज देश व प्रदेश में अनेक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गए। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम सहित अन्य गणमान्य लोगों ने वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता———

डिस्पैच——पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बिहारी वाजपेयी की जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। शिमला में हुये राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अटल जी ने राजनीति में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है और देश के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बाईट———राज्यपाल——

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वाजपेयी जी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अहम योगदान दिया।

नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल के साथ गहरा नाता रहा और उनके द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने इस मौके पर कहा कि अटल जी ने ही हिमाचल को विशेष औद्योगिक पैकेज दिया था।

उधर कुल्लू ज़िले के प्रीणी गांव में हुये श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अटल बिहारी वाजयेपी द्वारा उनके साथ बिताए गए पलों को याद किया।
रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

आईजीएमसी विवाद

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आईजीएमसी में मारपीट के आरोपी डॉक्टर को पद से बर्खास्त किया है। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए और अस्पतालों में मरीजों के साथ—साथ डॉक्टरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा।

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि घटना के बाद सरकार को ये सुनिश्चित करना होगा कि अस्पतालों में डॉक्टरों व मरीजों के बीच सौहार्दपूर्ण रिश्ता कायम रहे।

इस बीच आई.जी.एम.सी. की रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन और हिमाचल चिकित्सा संघ ने सरकार से डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द करने की मांग की है। दोनों संघों ने कल 26 दिसम्बर को सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर जाने का ऐलान लिया है। मांगे न माने जाने पर दोनों संघों ने 27 दिसम्बर से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

हिम ईरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिमला में लिफ्ट के पास हिमाचल हाट का निर्माण किया जाएगा जिस पर 2 करोड़ रूपए की लागत आएगी। उन्होंने आज शिमला में बताया कि हिमाचल हाट में हिमाचली उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा और इसमें राज्य के सभी 12 जिलों के महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद शामिल होंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ये हाट एक ही छत के नीचे ग्रामीण कला, शिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों और पारम्परिक हिमाचली व्यंजनों को प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को हिम ईरा ब्रांड के तहत बाजार उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है।

क्रिसमस

देश और विदेश में आज क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देशभर के गिरिजाघरों को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला प्रमुख ईसाई त्योहार है। प्रदेश के गिरिजाघरों में भी आज खूब चहल–पहल रही। राजधानी शिमला में नववर्ष और क्रिसमस को लेकर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज शिमला के एतिहासिक रिज मैदान और मालरोड़ पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। रिज मैदान पर एतिहासिक क्राईस्ट चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों सहित पर्यटकों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया और एक दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

उधर सोलन के सेंट स्टीफन चर्च में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रार्थना सभा व गीत संगीत कार्यक्रम में भाग लिया।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के सलोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मेधावी बच्चों को पुरस्कार बांटे। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध ढंग से सी.बीएसई पैटर्न पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2027 तक हर घर और हर खेत तक पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चम्बा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी में सात दिवसीय विंटर कार्निवाल का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से पर्यटकों को जिले की संस्कृति को करीब से देखने व समझने का अवसर मिलेगा। इस दौरान खेल स्पर्धाएं, लाईव बैंड शो और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी सहित कई कार्यक्रम होंगे।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश व प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गयी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती।
- हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ ने कल सामूहिक अवकाश पर जाने का किया ऐलान–सरकार से डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी रद्द करने की मांग।
- शिमला के लिफ्ट के पास किया जाएगा हिमाचल हाट का निर्माण–महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की होगी बिक्री।

- प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस का पर्व–पर्यटन स्थलों पर बढ़ी सैलानियों की आवाजाही।